

# ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट...’ दुनियाभर में मचाएगी धमाल

**मुंबई**। डिज्नी का हिस्सा बनने के बाद से फिर से पुनर्जीवित हुई हॉलीवुड की फिल्म फ्रेंचाइजी ‘प्लैनेट ऑफ द एप्स’ की नई फिल्म ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स’ इस शुक्रवार से दुनिया भर में धमाल मचाने जा रही है। फिल्म को लेकर इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों में हिंदी सिनेमा के एक बाद एक फ्लॉप होने के चलते हाल के महीनों में हॉलीवुड फिल्में भारत में अच्छा कारोबार कर रही हैं। ये नई फिल्म ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स’ बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया ओपनिंग लेगी और भारत में कम से कम सौ करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रहेगी।

लाइफ Style



# आलिया

## काला टीका लगाकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फैशन के सबसे चर्चित इवेंट मेट गाला 2024 का आयोजन हो चुका है। दुनियाभर के सितारें इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज को दिखाए। इस बार फिर से आलिया ने इस इवेंट को अटेंड किया। इस बार मेट गाला की फ्लोरल थीम थी, जिसके चलते आलिया भट्ट ने उसी तरह का आउटफिट पहना।

आलिया ने अपने आउटफिट और लुक से सभी को इंप्रेस किया। एक्ट्रेस अपने फ्लोरल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगी रही थीं। इस साल मेट गाला की थीम गार्डन ऑफ टाइम है। आलिया भट्ट ने इवेंट के रेड कार्पेट पर साड़ी पहन अपना जलवा बिखेरा।

आलिया भट्ट ने इस इवेंट के लिए भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यासांची मुखर्जी का तैयार किया हुआ आउटफिट पहना था। उनकी साड़ी इतनी खूबसूरत थी कि हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस साड़ी में आलिया भट्ट भी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। ऐसे में उनकी खूबसूरती को किसी नजर ना लगे इसलिए उन्होंने इसका भी जुगाड़ किया। नजर से बचने के लिए आलिया रेड कार्पेट पर नजर का काला टीका लगाकर पहुंची थी। जी हां, इसका सबूत सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में भी देखने को मिला है।

आलिया की साड़ी में हैंडवर्क हुआ है जिसे फुलों से सजी 23 फुट की ट्रेन के साथ बनाया गया है।उनकी साड़ी में रेशम के फ्लॉस, ग्लास बीडिंग और सेमी प्रीशियस स्टोन्स का यूज किया गया है.

हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के उपन्यास पर बनेगी फिल्म

**मुंबई**। स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं।




# 70 साल से कायम हैं गॉडजिला का जलवा

**लॉस एंजिलिस**। फिल्म ‘गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर’ 29 मार्च को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का दर्शकों को काफी इंतजार था। गॉडजिला के नाम पर बनी ये 38वीं फिल्म है। इससे पहले 70 सालों से इस नाम पर फिल्में बनती चली आ रही हैं। इस नाम पर बनने वाली फिल्मों का सफर जापान से 1954 में शुरू हुआ था और 70 साल से अब तक चल रहा है। जापान के अलावा अमेरिका भी इस पर फिल्में बना रहा है। ‘गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर’फिल्म देखने और समझने के लिए आपको इसकी पुरानी फिल्में देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेकर्स ने इसे नई कहानी के साथ पेश किया है। फिल्म में कमाल की सिनेमैटोग्राफी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस फिल्म का निर्देशन एडम विंगार्ड ने किया है।



# ‘सिकंदर’ में रश्मिका होंगी लीड एक्ट्रेस

**नई दिल्ली**। नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना, अब बड़े पर्दे पर सलमान खान के साथ ‘सिकंदर’ में नजर आएंगी। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही ‘सिकंदर’ में रश्मिका के आने की खबर ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से कन्फर्म की गई। पहले ‘पुष्पा’ और फिर ‘एनिमल’ की धुआंधार सक्सेस के बाद रश्मिका बहुत डिमांड में हैं। सलमान के साथ फिल्म में आना उनके करियर को अल्टीमेट ऊंचाई पर ले जाएगा। मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से पोस्ट करते हुए लिखा, ‘’सिकंदर’ में सलमान खान के अपोजिट स्टार करने के लिए फैबुलस रश्मिका मंदाना का स्वागत है! ईद 2025 पर इन दोनों का मैजिक स्क्रीन पर अनफोल्ड होगा, जिसे देखने का इंतजार करना बहुत मुश्किल है।



# लुक्स की वजह से नहीं मिली थीं फिल्में

**मुंबई**। कई फिल्म कलाकारों को करियर की शुरुआत में अपने लुक्स की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बाद में अपने अभिनय के दम पर उन्होंने लोगों के मुंह भी बंद कराए है। आज अल्लू अर्जुन की पहचान एक सुपरस्टार के तौर पर हैं, लेकिन वह भी अपने लुक्स की वजह से संघर्ष का सामना कर चुके हैं। इसका खुलासा खुद अल्लू ने ही किया है। हाल ही में, अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘आर्या’ को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए हैदराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लू अर्जुन ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपने लुक की वजह से उन्हें करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म ‘गंगोत्री’ से अपना डेब्यू किया था।

टीवी मसाला



# फिर उलझी ‘तारक मेहता के सोढ़ी’ की गुत्थी...

**नई दिल्ली**। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ से फेमस हुए एक्टर गुरुचरण सिंह को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिला है। जांच के दौरान गुरुचरण के दस से ज्यादा फाइनेंसियल अकाउंट मिले हैं। इतना ही नहीं, उनके एक से ज्यादा जीमेल अकाउंट होने का भी पता चला है। घरवाले 22 अप्रैल से अपने बेटे की राह देख रहे हैं। गुरुचरण की खोज में परिवार, दोस्त और पुलिस सभी लगे हैं। करीबी लोगों और डिजिटल जांच के बाद पुलिस को मिले तथ्यों से चला पता है कि गुरुचरण का धर्म की तरफ झुकाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक खास दोस्त से पहाड़ की तरफ जाने की इच्छा जाहिर की थी। आखिरी सीसीटीवी फुटेज में वो ई-रिक्शा के बाद पैदल जाते दिखे थे। गुरुचरण को 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचना था, जिसने उन्हें रिसीव करना था उसे भी मिसलीड किया गया। आखिरी बार गुरुचरण ने 14 हजार रुपए एटीएम से निकाले थे, उसके बाद की उन्हें लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## शिल्पा ने खत्म की 2 साल पुरानी लड़ाई



नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे कभी टीवी की हाई प्रोफाइल वाली एक्ट्रेस थीं। उन्होंने ‘चिड़िया घर’, ‘भाभी जी घर पर हैं’ से ‘बिग बॉस 11’ जैसे रियलिटी शो के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हर शो में दर्शकों ने उन्हें खूब प्यार दिया हैं। हालांकि इसके बावजूद वह अपने बयानों को लेकर खबरों में रही हैं। वह लंबे वक्त से टीवी शो से दूर रही हैं। आखिरी बार टीवी पर उन्हें ‘झलक दिखला जा 10’ में देखा गया था। इस शो में भी उनका मेकर्स संग पंगा होने के बाद उन्होंने इस शो को छोड़ दिया था। अब लंबे वक्त के बाद खबरें हैं कि वह ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ का हिस्सा बनेंगीं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, कलर्स पर आने वाला खतरानक स्टंट से भरपूर शो ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपनी जगह बना चुकी हैं। शो में उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है।रिपोर्ट के अनुसार, शो के लिए खुद कर्लस चैनल ने शिल्पा को अप्रोच किया है। हालांकि इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि शिल्पा के नाम की अटकलें काफी तेज हो गई हैं। ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ में शिल्पा का नाम जुड़ने से दर्शकों के बीच थोड़ी हलचल मच गई है।

# अहंकार के कारण कई अच्छी फिल्में छोड़ दी थीं अमोल पालेकर ने...



*मुंबई। जिस दौर में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का बॉलीवुड में कब्जा हुआ करता था, तब अमोल पालेकर ने अपनी अदाकारी से चुपचाप, लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। एक दौर तो वो भी आया, जब ये कहा जाना लगा कि सिर्फ विनोद खन्ना ही नहीं ये एक्टर बिग बी और काका के स्टारडम को टक्कर दे सकता है। बॉलीवुड का वो एक्टर, जो ऑफबीट फिल्मों के स्टार रहे। अपने शांत और सहज अभिनय से लोगों का मन मोहते रहे। उनके बोलने का स्टाइल, कॉमेडी करने का ढंग और इमोशनल कर देने का अंदाज ऐसा कि दर्शकों की आंखों में आंसू आ जाएं। अपने इस निराले अंदाज के कारण उन्हें ‘सिचुवेशनल कॉमेडी किंग’ कहा जाता था।*

*बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे खो गए, जिन्होंने कभी अपने अभिनय से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि, वक्त की रफ्तार में उनका करियर काफी बदल गया। कुछ ऐसा ही हाल 70-80 के दशक के मशहूर एक्टर अमोल पालेकर का रहा है। बेहद शांत दिखाई देने वाले इस स्टार के अंदर बहुत घमंड था। इस बारे में उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें कई अच्छी फिल्में मिली, लेकिन कुछ को उन्होंने अपने घमंड के कारण छोड़ दिया था।*

*मुंबई में जन्मे अमोल ने अभिनय में कदम रखने से पहले थिएटर में अपनी किस्मत आजमाई थी। 1970 के दशक में अपने सरल अभिनय के द्वारा प्रमुखता से उभरने लगे। 70-80 के दशक में उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की, जिसमें शर्मिला टैगोर, रेखा, परवीन बॉबी, शबाना आजमी, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेंद्र, राज बब्बर संजीव कुमार संग स्क्रीन शेयर की।*

*अमोल हिंदी के साथ ही साथ मराठी सिनेमा में भी फेमस रहे। हालांकि, एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें फिल्में कम मिलने लगी और धीरे-धीरे एक्टिंग से दूर जाने लगे। अपनी फिल्मी करियर की जर्नी को लेकर अमोल ने बताया था कि ऐसा नहीं था वह फिल्में नहीं करना चाहते थे, लेकिन वह किसी से फिल्म मांगना नहीं चाहते थे।*

# ओटीटी पर रिलीज होगी ‘हेड्स ऑफ स्टेट’



*मुंबई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं। प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथा साझा किया है। इसमें मालती भी हैं। मेकअप से लेकर वर्कआउट तक में मालती अपनी मां के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में बेटी को गोद में लिए हुए वर्कआउट करती प्रियंका को देखकर फैंस उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री सुपर फिट और बेहद खूबसूरत लग रही है।*

## गुप्त फिल्म के लिए काजोल को मिला था बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड

# सीरियल किलर के रोल में कई हसीनाओं ने दिखाए रौद्र रूप

*मुंबई। सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं, बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।*



**उर्मिला मातोंडकर** : बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म ‘कौन’ में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।



**प्रियंका चोपड़ा** : 18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म ‘7 खून माफ’ में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह , जॉन अब्राहम , नील नितिन मुकेश , इरफान खान, अलेक्जेंडर डायचेंको , अन्नू कपूर , नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।



**तब्बू** : फिल्म ‘हैदर’ में तब्बू का अब तक का सबसे खतरनाक रोन माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में ‘हैदर’ रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर , तब्बू , के के मेनन , श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।



**काजोल** : फिल्म ‘गुप्त’ में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म ‘गुप्त’ सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।



**अनीता हसनंदानी** : फिल्म ‘कुछ तो है’ में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी।

## खबर संक्षेप

### चलती कार में लगी अचानक आग, बाल बाल बचे दंपत्ति

**कोरबा।** बगदेवा बॉर्डर एनएच मार्ग पर एक चारपहिया वाहन कार में अचानक आग लग गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि कार में सवार दम्पति बाल बाल बच गए। वहीं कार धू धूकर जलता रहा। घटना के बाद से आसपास क्षेत्रों में मचा हड़कप मचा गया था। स्थानीय लोगों ने दमकल वाहन को इसकी सूचना दी। दमकल वाहन के पहुंचते तक कार काफी जल चुकी थी।

### सरस्वती विद्यालय सीएसईबी कोरबा पूर्व का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा हाईस्कूल का परीक्षाफल 96 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का 97 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में 191 छात्र सम्मिलित हुए। प्रथम 120, द्वित्तीय 62. तृतीय 1, कुल 183 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिसमें अमृता निषाद 96.33 प्रतिशत प्रथम, राधा साहू 94.5 प्रतिशत द्वितीय एवं छात्र ऋषभ यादव तथा शशांक शुक्ला 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही 13 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी में कुल 191 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 129, द्वितीय 56 समेत कुल 185 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण रहे। जिसमें रागिनी चंद्रा 90.40 प्रतिशत प्रथम, श्रद्धा कर्ष 87.06 प्रतिशत द्वितीय, हिमांशु चौहान 87.2 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही जीव विज्ञान एवं कृषि संकाय का परीक्षाफल 100 प्रतिशत गणित संकाय का 90 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय का 95.83 प्रतिशत रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत

**रजगामार।** छात्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार हाईस्कूल कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं 97 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। कक्षा 10वीं टेकेन्द्र बघेल ने 94.16 प्रतिशत प्रथम स्थान एवं सात्यिकी धीवर ने 91.83 प्रतिशत द्वितीय स्थान तथा अनन्या ने 86 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार कुल 31 छात्र छात्राओं में 19 प्रथम, 11 द्वितीय एवं 1 तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 12वीं में 33 छात्र छात्राओं में से 20 प्रथम, 13 द्वितीय स्थान प्राप्त किये हैं।

### स्वीप के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा को किया गया था जागरूक

**कोरबा।** जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपनी अहम भागीदारी दी। जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के मतदाताओं ने घर से निकलकर मतदान किया।
कोरबा ब्लाक के अन्तर्गत पहाड़ी कोरवा वाले ग्राम केराकछार, गेरांव, नकिया, पतरापाली, देवपहरी, ढोकरमना, गढ़उपरोढ़ा, अमलडीहा, बड़गांव, अजगरबहार, चचिया, बेला, लबेद, मदनपुर, माखूरपाली, लेमरू, सिमकेंदा, सतरेंगा, करतला ब्लाक के ग्राम करतला, पीड़िया, बेहरचुंवा, पोड़ीउपरोड़ा ब्लाक के गुडरूमुड़ा, कुटेश्वरनगोई, डोंगरताराई, खोडरी, अमलडीहा, मल्दा, लालपुर, केसलपुर, तानाखार, कटोरीनगोई, कोनकोना तथा ब्लाक के पोटापानी, शिवपुर, कोडार, माखनपुर, डोंगानाला, ईरफ, भण्डारखोल, मांगामार, उड़ता, नुनेरा, डुमरकछार क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर मतदान किया। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये जा रहे थे।

## निधन

### श्रीमती फूल्लीबाई जायसवाल



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार मेन रोड़ मां शारदा स्वीट्स व मां शारदा इंटरप्राइजेज के संचालक बनवारीलाल जायसवाल, गिरधारी लाल जायसवाल की माता श्रीमती फूल्ली बाई जायसवाल उम्र 82 वर्ष का अकास्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी, अंतिम संस्कार हरदीबाजार मुक्ति धाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे नाती-पोता से भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गईं हैं। अंतिम यात्रा में परिवार समाज रिस्तेदारो व गांव से लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सर्वमंगला नहर मार्ग...

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त संबंध में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कटघोरा को सूचनार्थ आदेश प्रेषित करने के साथ ही सीएसपी दर्री, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार दर्श, थाना प्रभारी कुसमुंडा, मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा व महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा को पालनार्थ प्रेषित किया गया है।

## परशुराम जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा

# हमेशा दूसरों का भला सोचना ही सच्ची सेवा: पंडित त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्रों में सेवा गतिविधियां करते आई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राम्हण समाज कटघोरा के द्वारा भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई, जो कि पूरे नगर भ्रमण करते हुए अग्रसेन भवन कटघोरा में सभा के रूप में परिणित हुई।

इसी कड़ी में नगर की समाज सेवी संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा मुख्य मार्ग पर शोभायात्रा में शामिल समाज के सभी लोगों के लिए आइसक्रीम व शीतल जल की व्यवस्था की गई। जिसका की समाज के लोगो ने प्रशंशा करते हुए क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राजपुरोहित मुरारी लाल त्रिपाठी ने कहा कि निश्चित ही कटघोरा नगर के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि नगर में लॉयन्स क्लब ऐसी संस्था हैं जो पूरी निष्ठा व सेवा भावना के सांथ सेवा के कार्यो ने आगे रहती है। धार्मिक सेवा के सांथ ही सामाजिक कार्यो में भी बढ़चढ़ हिस्सा लेते हुए सेवा करना बहुत ही पूण्य का कार्य है।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

इस अवसर पर पवन अग्रवाल, भरतलाल पांडेय, मुरारीलाल त्रिपाठी, टँकेश दुबे प्रदीप पांडेय, आशुतोष शर्मा, चन्द्रहास त्रिपाठी, राज शर्मा, राकेश शर्मा, डाली महराज, देव दुबे, राकेश दुबे, देवेंद्र कौशिक, पवन शर्मा, आकाश शर्मा, अशोक दुबे, धन्नू प्रसाद दुबे, अभिलाष पांडेय, अनुज पांडेय, अनीश पांडेय, वैभव चतुर्वेदी, राजीव लखनपाल, वीनू कौशिक, महेंद्र पचेरिवाल, सहित क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरमैन अजय गर्ग, राकेश पांडेय, सुधीर पांडेय, मुकेश गुप्ता, अतुल मित्तल, चिंटू अग्रवाल, अरुण जोशी, अंकुर अग्रवाल सहित सभी सदस्य एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### हरदीबाजार में मनाया गया परशुराम जयंती



छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज हरदीबाजार द्वारा भाटापारा स्थित परशुराम भवन में परशुराम जयंती मनाया गया। जिसमें अंचल के उपस्थित समस्त विप्र जनों द्वारा भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर की गई। विधायक श्री पटेल एवं उपस्थित सभी ने भगवान की पूजा अर्चना की। अंत में भगवान परशुराम की आरती उतारी की गई। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष रेखराम पांडेय, संरक्षक अनिल कुमार पांडे, किरोड़ीमल शर्मा, सचिव दिनेश गुरुद्वान, सह सचिव रमाकांत गुरुद्वान, मीडिया प्रभारी विनोद उपाध्याय, जतिन उपाध्याय, योगेन्द्र शर्मा, प्रदीप पांडेय, योगेश मिश्रा, रामावतार गुरद्वान, राकेश पांडेय, ओमप्रकाश मिश्रा, दिनेश बाजपेई, अमन बाजपेई, प्रदीप गुरुद्वान, देवेश शर्मा, श्रीमती सरला पांडेय, श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती ज्योति पांडेय, श्रीमती रेखा पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आदर्श विद्या मंदिर कटघोरा के छात्रों ने बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रविण्य सूची में आए छात्र-छात्राएं।

गत वर्षों की परंपरा बनाये रखते हुए इस वर्ष भी आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय कटघोरा के कक्षा 12वीं एवं 10वीं के छात्रों ने पूरे कटघोरा शहर का मान बढ़ाया। सीजीबीएसई 2024 12वीं एवं 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम गुरूवार 9 मई को घोषित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 12वीं की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत एवं 10वीं का परिणाम 98 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 88.4 प्रतिशत अंको के साथ सैलजा अग्रवाल (विज्ञान संकाय) विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहीं, 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रांजल कैवर्त्य एवं आसना परवीन (विज्ञान संकाय) द्वितीय स्थान पर तथा 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ सृष्टि अग्रवाल (वाणिज्य संकाय) तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10वीं में 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ अनल श्रीवास प्रथम स्थान पर रहे, 93.3 प्रतिशत अंको के साथ रियांशी पटेल द्वितीय स्थान पर तथा 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ मो. अकरम अली तृतीय स्थान पर रहे। शाला प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर गर्व व हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ हार्दिक बधाई दी।


### बुंदेली का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



शासकीय हाईस्कूल बुंदेली के दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 64.2 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम स्थान पर साक्षी रात्रे ने 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर रितु पटेल 77.3 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर मुस्कान भारती धिरहे 74.3 प्रतिशत प्राप्त किया। शाला के प्राचार्य अनीता ओहरी ने संदेश दिया कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें, आश्वस्त रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। मुझे आशा है कि यह आगे की प्रगतिशील यात्रा की शुरुआत मात्र है। शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुलारी काश्यप ने कहा इस तरह की अद्भुत प्रशंसाएं हासिल करते हुए देखकर मुझे वास्तव में खुशी हो रही है। मैं कामना करता हूं कि आप भविष्य में भी सफलता प्राप्त करते रहें। साक्षी रात्रे के पिता विजय कुमार रात्रे ने कहा हर किसी के पास बुद्धि और दिमाग की उपस्थिति होती है। लेकिन बालक, पालक और शिक्षक के आपसी समन्वय और गहरे संबंध से अच्छे परिणाम सामने आते हैं। मुस्कान के पिता पवन कुमार धिरहे ने कहा छात्रों को सफलता उनकी खुद की मेहनत से मिली है इसमें कोई शंका नहीं। लेकिन इस सफलता के पीछे अभिभावक व शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

# लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के अध्यक्ष पवन, सुरेंद्र बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल की संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लायनिज्म सत्र 2024-25 हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठन समिति के चेयरमेन एवं क्लब मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। लायन राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 हेतु क्लब अध्यक्ष की बागडोर एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) को सौंपी गयी है। वहीं क्लब सचिव के पद पर लायन सुरेंद्र कुमार डनसेना एवं क्लब कोषाध्यक्ष के लिए लायन दीपक जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई है। क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत एवं द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास को नियुक्त किया गया है।

# बैंक-बीमा कंपनी को 2 लाख 15 हजार के भुगतान का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

जिला अंतर्गत एक प्रकरण में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कोरबा ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर भैरोताल निवासी श्यामलाल लाल बंजारे का खाता स्टेट बैंक में संचालित था। श्यामलाल की मृत्यु 21 अप्रैल 2021 को खेलार नाला कुचैना में पानी में डूब जाने से हो गई थी। पति की मृत्यु के उपरांत पत्नी सुशीला बाई बंजारे ने बैंक खाते से पी.एम.एय.बी.वाय. बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि को प्राप्त करने के लिए बैंक शाखा में 22 जुलाई को एक लिखित आवेदन पत्र समस्त प्रकार के आवश्यक दस्तावेज व प्रपत्र संलग्न करने के बाद भी सुशीला बाई के साथ टाल-मटोल की नीति अपनाई गई। मृतक का खाता भारतीय स्टेट बैंक से संचालित था और उक्त खाता में बीमा नेशनल इंश्यारेन्स कंपनी लिमिटेड से जारी किया गया था।

उपभोक्ता आयोग के समक्ष इन दोनों के विरुद्ध सुशीला बाई के द्वारा दावा पेश किए जाने पर भारतीय स्टेट बैंक का कथन था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के पेट एवं उसके भूतल की वस्तु में अलकोहल पाया गया। जिसके विषय में बीमा कंपनी की ओर से भारतीय स्टेट बैंक को पत्र 16.09.2022 को प्रेषित किया गया जिसमें मृतक की बॉडी में शराब का सेवन किये जाने के कारण पानी में डूबने से मृत्यु होना बताया गया। इस कारण भारतीय स्टेट बैंक का कोई दायित्व मृतक को दावा राशि दिये जाने हेतु नहीं बनता है। मृतक के द्वारा बीमा की शर्तो का उल्लंघन किया गया है तथा उसकी मृत्यु शराब पीने के कारण हुई है। बीमा कंपनी एवं बैंक के द्वारा अपने तर्क के समर्थन में पी.एम. रिपोर्ट व पुलिस अंतिम जांच निष्कर्ष प्रतिवेदन के अवलोकन से उपभोक्ता आयोग के विद्वान न्यायाधीशों के समक्ष ये तथ्य सामने आया कि प्रस्तुत शव परीक्षण प्रतिवेदन में मृतक के पेट में शराब मिलने का कथन किया गया है, जिससे यह माना जा सकता है कि वे आदतन शराबी है परंतु यह तर्क मान्य किये जाने योग्य नही है क्योंकि शव परीक्षण प्रतिवेदन मे सिर्फ इस बात का उल्लेख है कि मृतक के पेट में एल्कोहोलिक गंध मौजूद है किंतु शराब की मात्रा के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नही है, ना ही मृतक के बिसरा का रसायनिक परीक्षण कराया गया है। इसके अलावा अन्य कोई जांच भी नही कराई गई है या रिपोर्ट/साक्ष्य उपलब्ध है जिससे यह कहा जा सके की मृतक अत्यधिक शराब के नशे में था। इसके अलावा चिकित्सक के द्वारा भी स्व. श्याम रतन बंजारे की मृत्यु पानी में दम घुटने के कारण होना बताया गया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस अंतिम जांच प्रतिवेदन से भी यह स्पष्ट नहीं होता है कि मृतक श्याम रतन बंजारे दुर्घटना के समय अत्यधिक शराब के नशे में था, जिसकी वजह से ही वह पानी डूबा होगा, ऐसी स्थिति में बीमा धारक का शराब का सेवन करना ही बीमा पॉलिसी निरस्त करने का एक मात्र आधार नहीं हो सकता, जबकि बीमा की अन्य शर्ते लागू हैं। इस प्रकरण में प्रतिपक्ष यह प्रमाणित नही कर पाया कि दुर्घटना के समय मृतक श्याम रतन बंजारे नशीली शराब के प्रभाव में था एवं दुर्घटना का कारण मृतक द्वारा शराब का सेवन करना था। उक्त प्रकरण में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कोरबा के विद्वान न्यायाधीशों रंजना दत्ता (अध्यक्ष), ममता दास (सदस्य), पंकज कुमार देवड़ा (सदस्य) ने आदेश जारी करते हुए क्षतिपूर्ति राशि 2 लाख रुपये के साथ ही परिवादिनी को मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति के एवज में कुल 10 हजार रुपये भी संयुक्त अथवा पृथक-पृथक एवं वाद व्यय 5 हजार रुपये देने का आदेश दिया गया है। इस प्रकरण में पीड़ति सुशीला बाई की ओर से अधिवक्ता छतराम साहू ने पैरवी की।

# मनोज शर्मा बनाये गए झारखण्ड राजमहल लोकसभा के प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कोरबा लोकसभा के सहसंयोजक मनोज शर्मा को प्रदेश संगठन के द्वारा राजमहल लोकसभा झारखंड राज्य का प्रभारी बनाया गया है। श्री शर्मा आज झारखंड जाते समय अल्प प्रवास पर कटघोरा बस स्टैंड पहुंचे। जहाँ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं बधाई दी गई।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि जिस विश्वास के साथ कोरबा लोकसभा के सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गयी थी उसे मैंने पूरी ईमानदारी से निष्ठा पूर्वक निभाया, जिसको देखते हुए पुनः संगठन ने राजमहल लोकसभा झारखंड राज्य की जवाबदारी सौंपी है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरूं एवं प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा मतों से विजयी बनाऊ और मोदी के 400 पार के नारा को सार्थक करूं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, मंडल महामंत्री राजेन्द्र टंडन, भाजपा कोशाध्यक्ष अजय धनोंदिया, चिन्टू अग्रवाल, अजय दुबे, गोपाल गोस्वामी उपस्थित थे।

**कोरबा मार्केट**

**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# प्याऊ घर में सेवा कार्य के लिए स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्याऊ घर के माध्यम से जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा.सोमनाथ यादव के निर्देश पर कोरबा सहित पूर राज्य में 9 अप्रैल से प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया गया था। जिले में 10 स्थानों पर प्याऊ घर लगाए गए थे, शहर के बुधवारी क्षेत्र में श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति तथा कलेक्टोरेट मार्ग पर रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के सहयोग से पूरे एक माह तक प्याऊ घर का संचालन किया गया। राहगीरों को मटके का ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के साथ कुछ दिनों के अंतराल पर शर्बत वितरण भी किया गया। शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साडा में आयोजित कार्यक्रम में प्याऊ घर के माध्यम से प्रतिदिन जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति के मार्गदर्शक जगदीश श्रीवास ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सामाजिक सरोकार की सराहना की। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख, प्राचार्य रणधीर सिंह, सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य ने भी अपनी बात रखी।

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर, (छ.ग.)
**नोटिस**
प्रकरण. MJC (Cri.) No 886/2023
आदेश दिनांक 06-04-2024
पेशी तारीख 20/06/2024
प्रोसेस क्र. 349/24

इमरान खान पिता रफीक खान निवासी इमली खदान चौरसिया कॉलोनी रायपुर, थाना टिकरापारा, पोस्ट सुंदरनगर जिला - रायपुर, छ.ग. एवं फरहान खान पिता इमरान खान द्वारा बली नाना मोहम्मद इदरीस रिजवी निवासी मारुती पेपर के पीछे खपरगंज बिलासपुर, थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदकगण

// विरूद्ध //

श्रीमती निखत रिजवी खान, पिता-मोहम्मद इदरीस रिजवी, निवासी - मारुती पेपर के पीछे खपरगंज बिलासपुर, थाना-सिटी कोतवाली बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) ..........अनावेदिका

इस न्यायालय मे आवेदकगण इमरान खान वगैरह ने अनावेदिका के विरूद्ध धारा 127 द प्र. सं बाबत आवेदन पत्र पेश किया है जिसकी पेशी दिनांक 20-06-2024 को है।

अनावेदिका श्रीमती निखत रिजवी खान उम्र 39 साल पिता श्री मोहम्मद इदरीस रिजवी निवासी मारुती पेपर के पीछे खपरगंज बिलासपुर, थाना-सिटी कोतवाली बिलासपुर, जिला-बिलासपुर को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 20-06-2024 को न्यायालय मे प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही मे भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 20-06-2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 29/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 29/04/2024
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 रिंकु कुमारी, 1161 एच.बी.बाल्को 2 शशि भूषण नेताम, शांति नगर बाल्को 3 श्यामता प्रसाद यादव, मकान नं. - 62, वार्ड क्रं. - 35, शांतिनगर बाल्को नगर 4 बी.एल. अवस्थी, 738,740,2 ए सें. - 4 बाल्को 5 अल्पेश पटेल, हाउसिंग बोर्ड डी/134 बाल्को नगर 6 नगीना देवी साहू, कैलाश नगर बाल्को 7 रामकृष्ण शर्मा, एम.पी. हा.बोर्ड बाल्को 8 ज्योति साहू, बेलगिरी बस्ती बाल्को 9 राम साय बेलगिरी बस्ती बाल्को 10 राजकुमार यादव, आजाद नगर बाल्को 11 आशीष दास मानिकपुरी, बेलाकछार बाल्को 12 लच्छन सिंह, 6/504 बाल्को 13 नेहा भास्कर, न्यू शांति नगर बाल्को 14 आर.नागमती, शांतिनगर बाल्को 15 प्रतिमा तिवारी, शांतिनगर बाल्को 16 इन्दर साय, इ- 516, सी.एस.इ.बी. कैलाश विहार कोरबा 17 शारदा प्रसाद देवांगन . नं. बी- 74 विकास नगर कुसमुण्डा कोरबा 18 अंजना केडिया, दर्री रोड कोरबा 19 हेमत कर्ष बड़सरा बजरंग चौक 20 जगन्नाथ प्रसाद कर्ष, बड़सरा बजरंग चौक 21 ईश्वर कुमार श्रीवास, प्रेमनगर भैरोताल कुसमुण्डा 22 विष्णु प्रकाश पाण्डेय, वार्ड क्रं. - 06, स्टेट बैंक के सामने गली कटघोरा 23 छतराम साहू, मोहन टाकीज रोड जमनीपाली 24 रविन्द्र ठाकुर, 15 ब्लाक क्वा.नं. - सी/06 एस.ई.सी.एल. कालोनी कोरबा 25 आनंद राम बंजारे, रामनगर एस.इ.सी.एल कारेबा 26 अनिल कुमार निर्मलकर, रानी रोड कोरबा 27 निर्मल दास, पोड़ी बहार कोरबा 28 शांत कुमार जैन, इ.डब्ल्यू.एस- 18, एम. पी. नगर कोरबा 29 भरत लाल श्रीवास, रमेश गली सीतामणी कोरबा 30 शांति सिह, कुम्हार मोहल्ला सीतामणी कोरबा 31 हिमांशी महंत, बांकी मोंगरा क्वा. नं. - 16/2 32 सुभाष चन्द्र डड़सेना, कांशी नगर रवि डेयरी के पीछे निहारिका कोरबा 33 विपतराम केंवट, पुरानी बस्ती जमनीपाली 34 बिमल कुमार केडिया, एच.आई.जी - 47, महाराणा प्रताप नगर कोरबा 35 सूर्यकांत गुप्ता, शांतिनगर बांकी मोंगरा 36 अमर बिलास मिंज, बुधवारी कांशीनगर 37 विकास कुमार अग्रवाल, मकान नं. - 200, बजरंग गली अग्रसेन चौक कोरबा 38 गंगाबाई चौहान, न्यू मानस नगर खटखीटयापार 39 भूमिका सिंह राठौर, गांधीनगर हरदीबाजार 40 तरूण कुमार राठिया, बालाजी पेट्रोल पंप के पास रिस्दी कोरबा 41 कु. मेघा राजवाड़े, गेवरा बस्ती कोरबा 42 मनोज कुमार, भैरोताल बाजार दफाई 43 दिपा मजुमदार पुरानी बस्ती कोहड़िया 44 चित्ररेखा सपहा, स्याही मुड़ी जमनीपाली कोरबा 45 प्रतिमा सिंह, 184 ठाकुरपारा नूनेरा कोरबा 46 क्षितिज शर्मा, सरदार प्रेम सिंह वार्ड पाली, कोरबा 47 आशा कंवर, वार्ड नं. - 02, पुरानी बस्ती कोठारी कोरबा 48 अश्वनी कुमार, एच.एन. 217, बी,हाई स्कूल के सामने सुमेधा बाल्गी प्रोजेक्ट 49 कुपाराम कुर्रे, अमरैयापारा कोरबा 50 निशा सिन्हा, एल.आई.जी.- 36, एम.पी.नगर कोरबा 51 ललिता कुमार साहू, राधा कुटीर बौद्व विहार लोटा जमनीपाली कोरबा 52 श्री गेन्द राम सोनी, नई बस्ती पानी टंकी कोरबा 53 विनय कुमार बंजारा, सूर्योदय नगर बुदबुद कोरबा 54 मनीषा साहू, 101, शांतिनगर, नुनेरा कोरबा 55 अमित कुमार वर्मा, रहमानिया वार्ड, कटघोरा कोरबा 56 संजय कुमार साहू, दीपका कोरबा 57 हितेश दुबे, मकान नं. - 37, शिशु मंदिर रोड पाली कोरबा 58 थामसी जेठवा, मेन रोड पाली कोरबा 59 भुवनेश्वर शर्मा, एल.आई.जी. - 17, म.प्र. नगर कोरबा 60 चांदनी राजपूत, मिशन रोड पटेलपारा 61 उत्तम लाल डहरिया, विश्राम नगर झाबर दीपका 62 भुनेश्वर राठौर, हरदीबाजार कोरबा 63 भारती राठौर, एम.डी. - 773, दीपका कालोनी कोरबा 64 रामकुमार कश्यप, गायत्री नगर रजगामार 65 तुलसी कर्ष, हा.नं. - 1241, आर्दश विहार कुसमुण्डा 66 संतोष कुमार पटेल, पटेलपारा कोरबा वार्ड - 1 67 रश्मि साहू, एनबी- 62, सी.एस.ई.बी. कालोनी कोरबा 68 तामेश्वर सिंह उइके, क्वा. नं. - 394/5/ए बाल्को नगर कोरबा 69 रूखमणी वर्मा, 1015/5 बाल्को 70 पूर्णिमा राठौर, 67915 बाल्को 71 निर्मला पटेल, डोगानाला

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप



### पीएचसी पंतोरा में स्टाफ नर्स की हुई पदस्थापना

**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पंतोरा में पदस्थ स्टाफ नर्स वीणा पटेल ने दो वर्षों के उच्च अध्ययन एमएससी नर्सिंग की पढाई पूर्ण कर वापस पीएचसी पंतोरा में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिससे अस्पताल में महिला स्टाफ नर्स कमी बनी हुई तो जो आज दूर हो गयी। महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा के लाभ में बढ़ोतरी होगी, पूर्व में वीणा पटेल की पदस्थापना पंतोरा अस्पताल में रही। इनके द्वारा लोगो स्वास्थ सुविधा प्रदान की जाती थी। उनके अध्यन अवकाश पर जाने से यहां महिला स्वास्थ जाँच, संस्थागत प्रसव सुविधा में कमी आ रही थी। अब उनके कार्यभार ग्रहण करने से अस्पताल में स्वास्थ सुविधा बढ़ेगी, जिससे पंतोरा और आसपास के लोगों को अच्छी स्वास्थ सुविधा मिलेगी।

### मई-जून माह में नहीं है विवाह मुहूर्त जुलाई का करना पड़ेगा इंतजार

**कोरबा।** हर साल अप्रैल से लेकर जून तक ढेरों विवाह होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त के बाद शादी के लिए अगला मुहूर्त जुलाई महीने में है। इसके बीच मई और जून में इस साल कोई भी शुभ मुहूर्त शादी का नहीं है। जुलाई में भी सिर्फ चार मुहूर्त है, उसके बाद फिर चार महीने ब्रेक लग जाएगा। 24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर चुका है। जहां पहले से ही सूर्य का गोचर हो रहा है और मेष राशि में प्रवेश करते ही शुक्र अस्त हो गया है। शुक्र 7 जुलाई तक अस्त रहेगा। 6 मई से गुरु ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, वहीं शुक्र अस्त ही रहेगा। इस कारण मई व जून माह में एक भी लग्न नहीं है। इसके बाद सात जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त सितंबर और अक्टूबर टूबर महीने में भी शादियां नहीं होगी। फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू हो जाएगा।

### ट्रेन से कटकर महिला ने की आत्महत्या

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन के सेकंड एंट्री से लगे कोयला साइडिंग एरिया में ट्रेन से कटकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पति की मौत के बाद कांति बाई महंत उम्र लगभग 56 वर्ष अपने बेटे के साथ मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में रहती थी। शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे घर से दिशा मैदान जाने के नाम से निकाल कर कोयला साइडिंग एरिया में पहुंची और ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ और मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी। आत्महत्या किस वजह से किया है यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है मृतिका का बेटा आदतन शराबी है जिसके शराब पीने की आदत से महिला परेशान रहती थी।

### डीबीएल कंपनी के खिलाफ करतला के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**कोरबा।** उरगा-पत्थलगांव भारतमाता मार्ग निर्माण कर्ता कंपनी की कार्यप्रणाली से नाराज करतला के ग्रामीण शुक्रवार को कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और काम बंद कराने धरना पर बैठ गए है। ग्रामीणों का कहना है कि कम्पनी ने जल निकासी मार्ग को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों को एनएचआई द्वारा कई बार आश्वासन दिया जा चुका है, लेकिन जलनिकासी मार्ग के लिए अभी तक कोई विचार नहीं किया गया है। जल निकासी मार्ग के अभाव में बड़े तालाब में अधिक पानी भरने से तालाब का तटबंध टूट जाएगा तथा उसके नीचे अन्य 4-5 तालाबों के तटबंध टूट जाएंगे, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा तथा जलनिकासी मार्ग के अभाव में किसानों की लगभग 6-7 सौ एकड़ सिंचित खेती प्रभावित होगी, जिसके कारण यह कदम उठाना पड़ा है।

### लोन की किस्त जमा करने समूहों के पास पैसा नहीं

# एनआरएलएम के महिला समूह के प्रोजेक्ट हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिला पंचायत के एनआरएलएम शाखा द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचलों में गठित महिला स्व सहायता समूह के प्रोजेक्ट बंद हो गए हैं। उनके उत्पाद को मार्केट नहीं मिलने के कारण प्रोजेक्ट को बंद करना समूह की मजबूरी हो गई है और अब उनके सामने व्यवसाय शुरू करने हेतु लिए गए लोन की किस्त पटाने पैसा भी नहीं है और बैंक प्रबंधन लगातार लोक की किस्त चुकाने दबाव बना रहा है।

**खास बात**
- प्रशिक्षण के बाद समूह के सदस्यों को दी गई वित्तीय सहायता

एनआरएलएम के द्वारा समूहों का गठन कर अपने रिकार्ड तो दूरस्त कर लिया गया है ताकि शासन से मांगी जाने वाली जानकारी में यह बताया जा सके कि जिले में महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया है उन्हें स्व रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन हकीकत इससे दूर है। समूह की सदस्य लोन लेकर छोटी मोटे व्यवसाय तो शुरू कर दिए, उनमें से कुछ लोगों ने अलग तरह के फूड प्रोसेसिंग की इकाई कर व्यवसाय के क्षेत्र में कदम रखा। किंतु उनके बनाए गए उत्पाद को मार्केट नहीं मिलने के कारण ऐसे प्रोजेक्ट बंद हो गए और प्रोजेक्ट शुरू करने हेतु बैंक से लिए गए ऋण की किस्त पटाने पैसा नहीं है, जबकि गठन के बाद एनआरएलएम के स्टॉफ समूह की सूध लेना उचित नहीं समझे और आज समूह की सदस्य कर्जदार हो गईं हैं और उन्हें विभाग से वित्तीय सहायता भी नहीं मिल पा रही है।

**पसान का प्रोजेक्ट एक साल से ठप**

एनआरएलएम के द्वारा पसान में प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जो एक साल से बंद पड़ा हुआ है। इस प्रोजेक्ट में ग्रामीण अंचलों में मिलने वाले मौसमी फलों से बनने वाले उत्पाद को बनाया जाना था, किंतु बीते एक वर्ष से प्रोजेक्ट को आसपास के ग्रामीण अंचलों से मौसमी फल ही नहीं मिल रहे हैं, जिससे यह प्रोजेक्ट बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा चार और चिरौंजी से बनाए जाने वाला उत्पाद के लिए सेंद्रीपाली में प्रोजेक्ट लगा था, वह भी बंद पड़ा हुआ है।

# देशी-विदेशी शराब दुकान के अहाते का हुआ ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

देशी विदेशी शराब दुकानों के अहाते का ठेका शुक्रवार को जिला आबकारी विभाग के द्वारा किया गया। इसके लिए विभाग के द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 7 देशी एवं 12 विदेशी सहित कुल 29 मदिरा दुकानों के अहाते का ठेका आज किया गया। जिसमें कोरबा जिले के अलावा अन्य जिले के ठेकेदारों ने आवेदन दिए थे।

**खास बात**
- 29 दुकानों के लिए मंगाए गए थे आवेदन

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए देशी विदेशी मदिरा दुकानों के अहाते को ठेके में दिए जाने की प्रक्रिया शासन द्वारा इस वर्ष से शुरू की गई है। जिसके लिए आनलाईन पद्धति से चयन हेतु आवेदन मंगाए गए थे। 16 मार्च से 25 अप्रैल तक इसके लिए निविदा निकालकर आवेदन मंगाए गए। जिनका चयन शुक्रवार 10 मई को ऑनलाईन पद्धति से चयन कर कलेक्टोरेट सभा कक्ष में ठेकेदारों के समक्ष लॉटरी निकाली गई, जिनमें ठेका आमंत्रित किया गया।

**इन दुकानों के अहाते का हुआ ठेका**

विदेशी मदिरा दुकान लाटा, पसान, सर्वमंगला, बांकीमोंगरा, बरपाली, गोपालपुर, हरदीबाजार, मुड़ापार, कटघोरा, लालघाट, पाली, दीपका आदि शामिल है। इनके अलावा देशी शराब दुकानों के अहाते का भी ठेका हुआ है जिनमें देशी मदिरा दुकान दादर, गेवरा, कोरबा, दीपका, मुड़ापार, लालघाट, रामपुर, पाली, कटघोरा, भैरवताल, बांकीमोंगरा, सर्वमंगला, हरदीबाजार, गोपालपुर, रजगामार, रूमगरा व लाटा शामिल है।

**किस दुकानों में कितने आवेदन**

शराब दुकानों के लिए विभाग को कुल 187 आवेदन मिले थे। इनमें सर्वाधिक आवेदन देशी मदिरा दुकान दादर के लिए मिले हैं। कुल 13 आवेदन इस दुकान के लिए ठेकेदारों द्वारा जमा किए गए हैं। इसी तरह देशी मदिरा दुकान गेवरा, देशी मदिरा दुकान कोरबा के लिए 12 ओवदन, देशी मदिरा दुकान दीपका मुड़ापार, लालघाट, रामपुर देशी मदिरा दुकान के लिए 11 आवेदन मिले हैं। इसी तरह विदेशी मदिरा दुकान दीपका के लिए 10 तथा विदेशी देशी मदिरा पाली दुकान 9 आवेदन प्राप्त हुए, कटघोरा देशी मदिरा दुकान के लिए 9 ओवदन प्राप्त हुए हैं। सबसे कम आवेदन विदेशी मदिरा दुकान लाटा, विदेश मदिरा दुकान पसान के लिए महज एक एक आवेदन मिले हैं।

# उधार में दी रकम वापस नहीं मिलने पर उठाया आत्मघाती कदम, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उधार में मोटी रकम देने के बाद रकम वापस मांगने पर उसके खिलाफ ही पुलिस में झूठी शिकायत करने और ऊंची पहुंच का धौंस देने से प्रताड़ित होकर आखिरकार ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले ने आत्महत्या कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। मरने से पूर्व अपने ससुसाइड नोट में भी रमाशंकर ने दो लोगों को मोटी रकम उधार में देने और रकम वापस मांगने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने का उल्लेख किया है। बावजूद इसके अब तक दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नही की गई है जिससे मृतक रमाशंकर के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**
- दो लोगों को ठहराया अपनी मौत का जिम्मेदार

ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले पिता बुधवारु पाटले ने शरद मसीह और रंजीत रात्रे को मोटी रकम उधार में दी थी।



मृतक।

आत्महत्या से पूर्व लिखे सुसाइड नोट में रमाशंकर ने उल्लेख किया है कि क्वार्टर नंबर एलसीएच 13 चटईनार निवासी रंजीत कुमार रात्रे पिता कौशल प्रसाद रात्रे को उसने 5 लाख रुपए की रकम उधार में दी थी। इसी तरह रविशंकर नगर निवासी शरद एस मसीह पिता समुएल मसीह को भी 6 लाख उधार में दिए थे। जिसके बाद जरुरत पड़ने पर रमाशंकर पाटले द्वारा रंजीत कुमार रात्रे और शरद मसीह से उधार में दी गई रकम वापस करने की मांग की गई तब उक्त दोनो लोगों के द्वारा आज देंगे कल देंगे कहकर रमाशंकर को भ्रम में रखा गया। रकम वापसी के एवज में चेक दिया गया पर पैसा नहीं दिया गया। कई बार रकम वापसी की मांग करने पर रंजीत रात्रे द्वारा उसके खिलाफ कटघोरा थाना में झूठी शिकायत दर्ज करा दी गई। रमाशंकर के कटघोरा थाना पहुंचने पर रंजीत सिंह द्वारा उल्टा उसे धमकी दी गई और पैसे की डिमांड की गई। इसी तरह शरद मसीह भी बार बार पैसा मांगने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया। बार बार घुमाया गया और ऊंची पहुंच की धौंस दी गई जिससे मानसिक रुप से परेशान होकर रमाशंकर पाटले द्वारा जान देने का आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। इस हादसे के बाद रमाशंकर को एनकेएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू मे उपचार के दौरान कुछ दिनों में पैसों की तंगी को देखते हुए परिजनों ने उसे जिला अस्पताल रेफर करा लिया जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को रमाशंकर पाटले की मौत हो गई। हैरानी वाली बात यह है कि सुसाइड नोट में रकम देने और रकम वापस नहीं मिलने के कारण रंजीत रात्रे और शरद मसीह से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने का उल्लेख होने के बाद भी अब तक पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। मृतक रमाशंकर के परिजनों ने रंजीत और शरद के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करने की मांग की है।

### आंबा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर मिलेगी पदोन्नति

**कोरबा।** निर्धारित उम्र से अधिक हो जाने के कारण सुपरवाइजर पद पर पदोन्नत से वंचित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नियमों में उचित बदलाव करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में 200 पद तथा वर्ष 2023 में 440 पद सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए निकाले थे। इनमें से 50 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरा जाना था तथा शेष 50 प्रतिशत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाना था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य कई कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर बताया था कि उन्होंने लंबे समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दी हैं लेकिन उम्र सीमा 45 वर्ष निर्धारित करने के कारण उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता सुषमा दुबे को इसी आधार पर चयन होने के बावजूद पदोन्नत नहीं किया गया। इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शासन ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर नहीं बनाए जा सकते। जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा कि उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक विभाग में सेवा दी है। सरकार या तो नियमों में संशोधन करे या फिर भर्ती प्रक्रिया में याचिकाकर्ताओं की उम्र सीमा में छूट दे।

# घाटे का सौदा साबित हो रहा भूमिगत कोयला खदानों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने हाल में बीते वित्तीय वर्ष में दमदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में कंपनी के ओपनकास्ट परियोजनाओं की अहम भूमिका रही है। दूसरी ओर भूमिगत खदानों से कोयला खनन का जो आंकड़ा बाहर आया है वह कंपनी की टेंशन बढ़ा रहा है। कोयला कंपनी के लिए अंडरग्राउंड खदानों का संचालन घाटे का सौदा हो रहा है। इन खदानों से उत्पादन लगातार गिर रहा है और यहां काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन समय के साथ बढ़ रहा है। इस स्थिति में कंपनी के लिए अंडरग्राउंड खदानों से कोयला निकालकर बाजार में बेचना और इससे संबंधित खदानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वेतन भुगतान करना मुश्किल है। इससे कंपनी की चिंता बढ़ती जा रही है।

हालात ऐसे ही रहे तो कंपनी इन खदानों के संचालन को लेकर नए सिरे से विचार कर सकती है। गौरतलब है कि कोरबा जिले में कोरबा एरिया के अंतर्गत सात अंडरग्राउंड खदानों का संचालन किया जा रहा है। इन खदानों में कुछ की स्थिति तो इतनी खराब है कि यहां से लक्ष्य का आधा कोयला खनन भी नहीं हो पा रहा है और इन खदानों को चालू रखना कंपनी के लिए घाटे का सौदा बन रहा है।अभी तक अंडरग्राउंड खदानों को लाभ में लाने के लिए कंपनी की ओर से किये जा रहे सभी प्रयास असफल साबित हो रहे हैं। सारे प्रयास खदान के भीतर दबते चले जा रहे हैं। अब कंपनी को कंटीन्यूअस कोल कटर माइनर मशीन से ही उम्मीद है। इसे प्रबंधन आने वाले दिनों में कोयला खदानों में उतारने की तैयारी कर रहा है। लेकिन प्रबंधन यदि इस मशीन को उतारता है तो इसका सीधा असर खदान में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों पर पड़ेगा। अंडरग्राउंड खदानों से हटाकर उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार कंपनी दूसरे खदानों में शिफ्ट करेगी। कोरबा एरिया के अंतर्गत ढेलवाडीह को छोड़कर ऐसी कोई खदान नहीं है जिसने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया हो। खदानों के घाटे का असर इन क्षेत्रों में स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है, यहां कंपनी सुविधाएं घटा रही है। रजगामार, सुराकछार की तो हालत खराब है ही, बल्गी भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रही है। इससे कंपनी की चिंता बढ़ रही है। बल्गी खदान से प्रबंधन ने 80 हजार टन कोयला खनन का लक्ष्य रखा था जबकि 15 हजार टन ही कोयला खनन किया जा सका। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 46 हजार टन लिया गया गया था। सिंघाली और ढेलवाडीह की भी हालात दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। नेगेटिव ग्रोथ के मामले में सुराकछार मेन माइंस की स्थिति भी बेहद खराब है। समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में खदान से 37.28 फीसदी नेगेटिव ग्रोथ दर्ज किया गया है। मेन माइंस से 50 हजार टन कोयला बाहर निकालने का इरादा था लेकिन 18 हजार टन ही कोयला बाहर निकल सका, जो वित्तीय वर्ष 22-23 की तुलना में 37.28 फीसदी कम है। इस नेगेटिव ग्रोथ ने चिंता बढ़ा दी है।कोरबा एरिया के तहत संचालित रजगामार खदान में सबसे अधिक नेगेटिव ग्रोथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में दर्ज किया गया है। इस खदान से कंपनी ने 1 लाख 50 हजार टन कोयला बाहर में लाने की योजना बनाई थी लेकिन खदान से 8 हजार 3 टन ही कोयला बाहर निकल सका। यह खदान वित्तीय वर्ष 22-23 की तुलना में 23-24 में 75.15 फीसदी नेगेटिव ग्रोथ में रही है।

**खास बात**
- गत वित्तीय वर्ष के उत्पादन आंकड़े ने बढ़ाई चिंता

# रिश्तेदार का अश्लील वीडियो किया वायरल, व्यवसायी पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजातीय युवती का वाट्सअप कॉल पर बनाया गया निजी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। करतला थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्रांतर्गत निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके परिचित रिश्तेदार से एक माह पहले बातचीत शुरू हुई थी और उसने इस दौरान वाट्सअप पर वीडियो कॉलिंग में कुछ वीडियो बना लिया था और उसे वायरल कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी प्रतीक अग्रवाल पिता घनश्याम अग्रवाल निवासी खरसिया अग्रसेन चौक के विरूद्ध धारा 509 भादवि तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत जुर्म दर्ज किया गया। आरोपी कोरबा आया हुआ था जिसकी सूचना मुखबिर से मिलने पर रामपुर पुलिस की मदद से प्रतीक अग्रवाल को निहारिका क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है।



आरोपी युवक।

### छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन का अधिवेशन दुबई में



**कोरबा।** छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन का अधिवेशन दुबई में आयोजित है। इस हेतु संगठन के 70 से अधिक की संख्या में एक प्रतिनिधि मंडल 11 मई को दुबई रवाना हो रहे है। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य आबूधाबी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान के दर्शन करना एवं दुबई में रह रहे अग्रवाल बंधुओं की स्थिति एवं उनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय से संबंधित जानकारी लेना है। उक्ताशय की जानकारी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी ने दी और बताया कि इस धार्मिक यात्रा के आयोजन से अग्रवाल समाज काफी उत्साहित है। यात्रा करने वालो में प्रमुख नाम है राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, चेयरमेन अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी एंव राजू अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सक्सेरिया, उपाध्यक्ष सुधीर बंसल, मंत्री आशा बंसल, किरण मोदी सहित प्रदेश के समस्त जिलों से संगठन के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# रेल कोच में लगी आग को बुझाने का किया गया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कड़े कदम उठाए जाते हैं। आपात स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के एसी कोच आदि में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध कराए जाते है। आग लगने के दौरान ट्रेन में उपलब्ध अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी कर सकें। इसी उद्देश्य बिलासपुर माल गोदाम के पास कंडम कोच में आग लगने का प्रदर्शन कर कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 9 मई को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों तथा संरक्षा सलाहकारों द्वारा कोचिंग डिपो तथा दुर्घटना राहत यान के कर्मचारियों को फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी गई तथा एक सवारी गाड़ी के कंडम कोच में ज्वलनशील सामान पर आग लगाकर उसे बाहर निकाला गया तथा अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने की विधियों के बारे में प्रशिक्षण देकर उनके ही हाथों अग्निशमन यंत्र का उपयोग कराकर आग को बुझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही आग लगने के दौरान पास के अग्निशमन केन्द्रों का संपर्क न. एवं फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह भी दी गई।

**खास बात**
- आपात स्थिति से निपटने किया गया मॉकड्रिल



मॉकड्रील के दौरान आग बूझाते हुए।

